# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

## पावरग्रिड ने सीएसआर के तहत एचबीसीएचआरसी, न्यू चंडीगढ़ को ₹12.25 करोड़ के मेडिकल उपकरण प्रदान किए

**गुरुग्राम:** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएचआरसी), न्यू चंडीगढ़ को लगभग ₹12.25 करोड़ मूल्य का अत्याधुनिक मेडिकल इमैजिंग सिस्टम प्रदान किया है। इन उन्नत उपकरणों में एक 128-स्लाइस सीटी स्कैन सिस्टम तथा एक बाइ-प्लेन डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी (डीएसए) सिस्टम शामिल हैं। इनका औपचारिक हस्तांतरण पावरग्रिड और एचबीसीएचआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इन मेडिकल इमैजिंग सिस्टम से अस्पताल की नैदानिक क्षमताओं में उल्लेखनीय परिवर्तन आने की उम्मीद है, जिससे तेज़ और उच्च-सटीकता वाली इमेजिंग, शुरुआती स्तर पर कैंसर डिटेक्शन तथा जटिल न्यूनतम इन्वेसिव प्रक्रियाओं के लिए बेहतर सहयोग संभव हो सकेगा। यह पहल देशभर में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने और समावेशी सामाजिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में पावरग्रिड की व्यापक सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। स्वास्थ्य के अतिरिक्त, पावरग्रिड की सीएसआर गतिविधियाँ शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, ग्रामीण अवसंरचना और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत हैं, जो राष्ट्र निर्माण के प्रति संगठन के समेकित दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

31 दिसम्बर 2025 तक, पावरग्रिड 287 सब-स्टेशनों, 1,81,894 सर्किट किमी ट्रांसिमशन लाइनों और 5,93,016 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर प्रचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरग्रिड 99.84% की औसत ट्रांसिमशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

*जारीकर्ता:*
*टीम कॉर्पोरेट संचार*
*हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia*
*ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in*
*www.powergrid.in*